IDHS वेबसाइट की नई डिज़ाइन

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) को अपनी नई डिज़ाइन वाली वेबसाइट पेश करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है जो dhs.illinois.gov पर उपलब्ध है। नई साइट को पहले से कहीं अधिक उपयोक्ता-हितैषी होने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि ज़रूरतमंदों को जो सहायता चाहिए हो उसके लिए वे तेज़ी से सही जानकारी और सही संसाधन ढूंढ सकें।

IDHS कोविड-19 (COVID-19) जानकारी

कोविड-19 (COVID-19) से संबंधित इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) के समस्त मार्गदर्शन, संदेश/सूचनाएं, अपडेट, लिंक, संसाधन, घोषणाएं, एवं प्रकाशनियां IDHS कोरोनावायरस जानकारी पेज पर उपलब्ध हैं।

जनगणना

IDHS हमें इस बात की याद दिलाता है कि इलिनोइस के हरेक व्यक्ति की गिनती होगी! ऑनलाइन जनगणना पूरी करने के लिए My2020census.gov देखें या **1-844-330-2020** पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए **987987** पर संदेश भेजें या census.illinois.gov पर जाएं।

बाल देखभाल की बहाली

राज्यपाल जेबी प्रिट्ज़कर (गवर्नर JB Pritzker) ने एक $27 करोड़ के बाल देखभाल बहाली (चाइल्ड केयर रेस्टोरेशन) अनुदान कार्यक्रम की घोषणा की थी जो इलिनॉय के बाल देखभाल प्रदाताओं के विशाल नेटवर्क को सहायता देगा जो इस कोविड-19 (COVID-19) वैश्विक-महामारी के दौरान भी संपूर्ण राज्य के बच्चों की देखभाल जारी रखे हुए हैं। वाणिज्य एवं आर्थिक अवसर विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स एंड इकॉनमिक अपॉर्चुनिटी) को इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) के साथ साझेदारी में अनुज्ञप्त (लाइसेंसशुदा) बाल देखभाल प्रदाताओं के लिए अनुदान कार्यक्रम विकसित करने का उत्तरदायित्व दिया गया है। बाल देखभाल बहाली अनुदानों का व्यवस्थापन इलिनॉय बाल देखभाल संसाधन एवं संप्रेषण अभिकरण नेटवर्क (इलिनॉय नेटवर्क ऑफ़ चाइल्ड केयर रिसोर्स एंड रेफ़रल एजेंसीज़, INCCRRA) द्वारा किया जाएगा।

आज एक "आवेदन की अभिलाषा" सर्वेक्षण आरंभ किया गया जो यहां ऑनलाइन उपलब्ध है। एकत्र होने वाली जानकारी से अनुदान कार्यक्रम के विकास के लिए आवश्यक सूचनाएं मिलेंगी; उक्त कार्यक्रम जुलाई 2020 में आरंभ किया जा रहा है और प्रदाताओं को अपनी पहली किस्तें इन्हीं गर्मियों में आगे मिल जाएंगी।

SNAP पूरक आहार (सप्लीमेंट्स)

SM
SNAP Supplemental Nutrition Assistance Program

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) ने घोषणा की थी कि संघीय सरकार ने सभी पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, SNAP) गृहस्थियों के लिए आपातकालीन आवंटन (एमरजेंसी अलॉटमेंट्स) पूरे जून जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। ये आवंटन यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवारों को वैश्विक-महामारी के दौरान उनकी गृहस्थी के आकार के अनुसार अधिकतम SNAP निधियां मिलें। ग्राहक को इसके लिए कुछ नहीं करना है। SNAP लाभों हेतु आवेदन के लिए, कृपया abe.illinois.gov पर आएं।

मानव तस्करी की पहचान का प्रशिक्षण

मानव तस्करी के पीड़ितों को प्रायः यह नहीं पता होता कि सहायता के लिए कहां जाएं और वे इतने भयभीत हो सकते हैं कि सहायता मांगें ही नहीं। मानव तस्करी की पहचान करने एवं उसे बाधित करने में सहायता के लिए, इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) ने आवास सेवाएं मानव तस्करी की पहचान का प्रशिक्षण अधिनियम (लॉजिंग सर्विसेज़ ह्यूमन ट्रेफ़िकिंग रिकॉग्निशन ट्रेनिंग एक्ट) के उपबंधों के अंतर्गत एक मानव तस्करी की पहचान के प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या विकसित की; उक्त अधिनियम यह आवश्यक करता है कि आवास प्रतिष्ठान अपने कर्मचारियों को मानव तस्करी की पहचान करने का प्रशिक्षण और प्रेक्षित हुई मानव तस्करी की सूचना उपयुक्त प्राधिकरण को देने के प्रोटोकॉल प्रदान करे। कर्मचारियों को आवास प्रतिष्ठान में नियुक्ति के आरंभ से 6 महीनों के अंदर प्रशिक्षण पूर्ण कर लेना चाहिए और तत्पश्चात हर 2 वर्ष पर उन्हें यह प्रशिक्षण पूर्ण करना चाहिए, बशर्ते वे तब भी आवास प्रतिष्ठान में नियुक्त हों।

होटल और मोटल कर्मचारियों को मानव तस्करी के बारे में प्रशिक्षित करने में सहायता के लिए आपको IDHS की पाठ्यचर्या इस वेबसाइट पर मिल जाएगी।

बुजुर्गों का जुड़ाव

इलिनॉय जरण विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ एजिंग, IDoA) और इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) को इस समय जारी कोविड-19 (COVID-19) वैश्विक महामारी से विषम रूप से अधिक प्रभावित बुजुर्गों और अशक्तता पीड़ित व्यक्तियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएं विभाग - सामुदायिक जीवन-यापन प्रशासन (यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज़ - एडमिनिस्ट्रेशन फ़ॉर कम्युनिटी लिविंग) से पिछले सप्ताह $17 लाख प्राप्त हुए थे।

इस निधि का उपयोग प्रौद्योगिकी यंत्र खरीदने के लिए और पहले से अधिक सामाजिक संलग्नता एवं जुड़ाव को सुलभ बनाने के लिए किया जाएगा जो ऐसे लोगों के लिए लक्षित है जो अकेले रहते हैं, जिन्हें सामान्यतः घर-में सेवाएं नहीं मिलती हैं, और/या जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। यदि आपको या किसी वृद्ध परिजन, मित्र, या पड़ोसी को सहायता चाहिए हो, तो कृपया www.illinois.gov/aging पर आएं या सीनियर हेल्प लाइन से **1-800-252-8966** पर संपर्क करें।

सामुदायिक प्रदाताओं के लिए PPE

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) ने घोषणा की कि वह संपूर्ण राज्य में समुदाय-आधारित संगठनों को ग़ैर-NIOSH (नेशनल इंस्टीट्यूट फ़ॉर ऑक्युपेनशनल सेफ़्टी एंड हेल्थ) KN95 मास्क वितरित करेगा। यह कार्य अधिकतम संभव दक्षता से करने के लिए, IDHS ने संभाग या कार्यक्रम के प्रकार के आधार पर, इन फ़ेस कवर का वितरण करने के लिए साझेदार संगठनों की पहचान की। विकासात्मक अशक्तताएं (डेवलपमेंटल डिसेबिलिटीज़), परिवार एवं सामुदायिक सेवाएं (फ़ैमिली एंड कम्युनिटी सर्विसेज़) (बाल देखभाल छोड़कर), मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ), और मादक पदार्थ उपयोग निरोध एवं स्वास्थ्य-लाभ (सब्सटेंस एब्यूज़ प्रिवेंशन एंड रिकवरी) के संभागों के माध्यम से वित्तपोषित प्रदाता संगठनों के लिए, IDHS ने इलिनॉय पुनर्वास इकाई संघ (इलिनॉय एसोसिएशन ऑफ़ रीहैबिलिटेशन फ़ेसिलिटीज़, IARF) के साथ वितरण के लिए साझेदारी की है।

पुनर्वास सेवाएं संभाग (डिविज़न ऑफ़ रीहैबिलिटेशन सर्विसेज़) द्वारा वित्तपोषित संगठनों के लिए, इलिनॉय आत्मनिर्भर जीवन-यापन केंद्र नेटवर्क (इलिनॉय नेटवर्क ऑफ़ सेंटर्स फ़ॉर इन्डिपेन्डेन्ट लिविंग, INCIL) के माध्यम से इन KN95 मास्कों का अनुरोध कर सकेंगे।

बाल देखभाल केंद्र इलिनॉय बाल देखभाल संसाधन एवं संप्रेषण अभिकरण नेटवर्क (इलिनॉय नेटवर्क ऑफ़ चाइल्ड केयर रिसोर्स एंड रेफ़रल एजेंसीज़) और मिनर्वा प्रमोशन्स के माध्यम से इन मास्कों का अनुरोध कर सकेंगे।

प्रत्येक डिवीजन ने अपने संबंधित प्रदाताओं के साथ संचार किया कि वे इन संसाधनों का अनुरोध करने के तरीके के बारे में उन्हें बताएं।

यदि आपको PPE के उपयुक्त उपयोग के बारे में कोई प्रश्न पूछना हो, तो कृपया CDC की PPE उपयोग पर मार्गदर्शन वेबसाइट पर आएं।

भोजन बैंक

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) संपूर्ण इलिनॉय में भोजन बैंकों एवं रसोई-भंडारों के लिए संघीय वित्तपोषण को अधिकतम बनाने हेतु लगातार कार्य कर रहा है। अपने समीप का भोजन भंडार या सूप रसोई ढूंढने के लिए, www.illinoisfoodbanks.org/sites.asp पर आएं।